an>

Title:Need to accord approval for construction of proposed Bhind-Konch railway line in Madhya Pradesh.

डॉ. भागीरथ प्रसाद (भिंड) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं बुंदेलखण्ड और चम्बल क्षेत्र से जुड़ी हुई एक मांग आपके सामने रखना चाहता हूं। भिंड से कोंच रेल लाइन बुंदेलखण्ड और चम्बलवासियों का लम्बे समय से सपना रहा है। हम रेल मंत्रालय और भारत सरकार के आभारी हैं कि उन्होंने अल्प समय में ही भिंड से कोंच रेल लाइन का सर्वेक्षण पूरा कर लिया है। इस लाइन से भिंड और बुंदेलखण्ड का पिछड़ा क्षेत्र झांसी-कानपुर मुख्य रेल लाइन से जुड़ जाएगा और आगे महोबा होते हुए, इलाहाबाद एवं सतना से जुड़ कर मुम्बई-हावड़ा मुख्य रेल लाइन के सम्पर्क में आ जाएगा। दूसरी ओर बुंदेलखण्ड का सम्पूर्ण क्षेत्र इटावा, आगरा और दिल्ली से जुड़ेगा। इस रेल लाइन की लम्बाई लगभग 88 किलोमीटर प्रस्तावित है, अतः इतनी कम दूरी की रेल लाइन के निर्माण से चम्बल एवं बुंदेलखण्ड के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। इस क्षेत्र में रेलों के आवागमन से बहुआयामी विकास का सृजन होगा। चम्बल क्षेत्र में जो विपुल भूमि सम्पदा है, कृÂिा उपजाऊ जमीन है, उद्यान और औद्योगिक विकास के जरिए इस क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। इसलिए मैं भारत सरकार विशेÂा रूप से रेल मंत्रालय से अनुरोध करता हूं कि प्रस्तावित रेल लाइन का निर्माण यथाशीघ्र शुरू कर दिया जाए...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Shri Bhanu Pratap Singh Verma are permitted to associate with the issue raised by Dr. Bhagirath Prasad.